


श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



# नई रेल
# नया छत्तीसगढ़

**2014 से प्रगति पथ की नई यात्रा**

**कोरबा संसदीय क्षेत्र**









# प्रस्तावना




**श्री सुनील सिंह सोइन**
महाप्रबंधक
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

भारतीय रेलवे हमारे राष्ट्र की जीवन रेखा है। इसने देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में सदैव से उत्प्रेरक का काम किया है। समान रूप से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपनी स्थापना के बाद से ही छत्तीसगढ़ राज्य की सामाजिक–आर्थिक प्रगति में सहयोगी की भूमिका निभाती रही है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की स्थापना 1 अप्रैल, 2003 को हुई थी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का 46% रेल नेटवर्क छत्तीसगढ़ में अवस्थित है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के साथ–साथ पूर्व तट रेलवे भी छत्तीसगढ़ को सेवाएं प्रदान करती है। माल ढुलाई में अग्रणी ज़ोन होने के कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास को निरंतर गति प्रदान करती रही है। खनिज संपन्न राज्य होने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ में रेलवे नेटवर्क के विस्तार की अत्याधिक आवश्यकता है। इस आवश्यकता को पूर्ण करने के लिए रेलवे एवं छत्तीसगढ़ सरकार आपसी सहयोग के साथ काम कर रहे है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार एवं रेलवे द्वारा संयुक्त रूप से कई परियोजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ में, विगत 4 वर्षों में रेल परियोजनाओं से संबन्धित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। एक तरफ रेलवे कनेक्टिविटी का विस्तार लौह संपन्न परंतु दुर्गम रावघाट तक किया जा रहा है तो दूसरी ओर दो महत्वपूर्ण कारीडोर के द्वारा पूर्व मध्य छत्तीसगढ़ के कोयला संपन्न मांड क्षेत्र तक रेल परिवहन सुविधा पहुंचाई जा रही है। इसके अतिरिक्त दो नई लाइनों, खरसिया–बलौदाबाजार–नया रायपुर–दुर्ग तथा कटघोरा–कवर्धा–डोंगरगढ़ के लिए सैद्धांतिक सहमति रेलवे बोर्ड द्वारा प्रदान कर दी गई है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के पश्चात, छत्तीसगढ़ के दूरस्थ क्षेत्रों तक रेलवे नेटवर्क का विस्तार होगा तथा राज्य के अनेक अनछुए क्षेत्रों में विकास के नवीन द्वार खुलेंगे। इस ब्रोशर का लक्ष्य छत्तीसगढ़ राज्य के कोरबा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हालिया, अतीत एवं वर्तमान की परियोजनाओं एवं कुछ महत्वपूर्ण गतिविधियों को सूचीबद्ध करना है।

हमारे कर्मचारियों के अथक प्रयास एवं यात्रियों के सहयोग के कारण क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा कराये गये थर्ड पार्टी आडिट के आधार पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को स्वच्छतम ज़ोन घोषित किया गया है। हम सभी छत्तीसगढ़ में रेलवे के और अधिक विकास के लिये कृत संकल्प है।



# कोरबा संसदीय क्षेत्र

**क. विधान सभा क्षेत्रः**

भरतपुर–सोनहत, मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर, रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली–तानाखार, मरवाही।

**ख. पिछले 4 वर्षों में पूरे किये गए कार्यः**

**ख1. आधारभूत संरचना के विकास कार्य**

- ₹ 2 करोड़ रुपये की लागत से बैकुंठपुर रोड एवं कटोरा के मध्य लेवल क्रॉसिंग नं. एबी–44 पर रोड ओवर ब्रिज।
- 10 लेवल क्रॉसिंगो पर रोड अंडर ब्रिज (कुल लागत ₹ 22 करोड़)।
- कोथारी रोड़ स्टेशन पर कोरबा छोर में ट्रैक मशीन स्टैबलिंग साइडिंग (कुल लागत ₹ 3 करोड़)।
- ₹ 6 करोड़ रुपये की लागत से कोरबा में 45 यूनिट रेलवे क्वार्टर।

**ख2. यात्री सुविधाएं**

- मड़वारानी एवं चिरमिरी स्टेशनों पर ₹ 247 लाख की लागत से फुट ओवरब्रिज उपलब्ध कराए गए हैं।
- कोरबा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 का 26 कोचों के लिए विस्तार (कुल लागत ₹ 49 लाख)।
- गेवरा रोड स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 का 26 कोचों के लिए विस्तार (कुल लागत ₹ 63 लाख)।
- बैकुंठपुर रोड स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 की ऊंचाई में वृद्धि के साथ विस्तार (कुल लागत ₹ 51 लाख)।
- मनेन्द्रगढ़, दर्रीटोला, नगर, कटोरा, चिरमिरी, उदलकछार, सरगबुंदिया, बालपुर, मड़वारानी, कोथारी रोड, पैराडोल, बोरीडांड, उरगा एवं नागपुर रोड स्टेशनों पर ₹ 144 लाख की लागत से प्लेटफार्म शेल्टर उपलब्ध कराये गए है।
- बैकुंठपुर रोड, कटोरा, उदलकछार, सरगबुंदिया, बालपुर, नगर, मड़वारानी, कोथारी रोड, पैराडोल, बोरीडांड एवं उरगा स्टेशनों पर ₹ 4 लाख की लागत से पेयजल नल उपलब्ध कराये गए है।
- कोरबा स्टेशन में कॉइन आपरेटेड टिकट वेंडिंग मशीन एवं आटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन की सुविधा।
- कोरबा स्टेशन में बेबी फीडिंग कार्नर की सुविधा।
- कोरबा स्टेशन में दिव्यांग फ्रेंडली टायलेट की सुविधा।
- बैकुंठपुर रोड स्टेशन में ₹ 39 लाख की लागत से वेटिंग रुम में सुधार।

**ग. अन्य कार्यः**

- गाड़ी संख्या 11265/11266 अंबिकापुर–जबलपुर–अंबिकापुर एक्सप्रेस के फेरों में वृद्धि।

**घ. कार्य प्रगति परः**

- ₹ 941 लाख की लागत से बालपुर, मडवारानी, कोथारी रोड, सरगबुंदिया, उरगा एवं कटोरा स्टेशनों पर प्लेटफार्मों की ऊंचाई में वृद्धि।
- ₹ 50 लाख की लागत से मनेंद्रगढ़ स्टेशन पर प्लेटफार्म की लंबाई में वृद्धि।
- ₹ 60 लाख की लागत से गेवरा रोड स्टेशन पर यूटीएस सह पीआरएस कार्यालय का निर्माण एवं मौजूदा बुकिंग कार्यालय का गुड शेड कार्यालय में रुपांतरण।
- सरगबुंदिया स्टेशन में परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए अप लूप सह डाउन रिसेप्शन लाइन का गुड शेड साइडिंग में रुपांतरण (कुल लागत ₹ 3 करोड़)।
- मनेंद्रगढ़ स्टेशन पर वाटर हाइड्रेंट का विस्तार एवं 5 लाख लीटर क्षमता के टैंक का प्रावधान (कुल लागत ₹ 13 लाख)।

**ड़. नई परियोजनाएंः**

- धरमजयगढ़ – कोरबा नई लाइन परियोजना, अनुमानित लागत ₹ 1,154 करोड़।
- गेवरा रोड – पेंड्रा रोड नई लाइन परियोजना, अनुमानित लागत ₹ 3,499 करोड़।

# कुछ महत्वपूर्ण फोटोग्राफ





कोरबा स्टेशन को आदर्श स्टेशन के रुप में विकसित किये जाने का उद्‌घाटन
माननीय सांसद एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया





कोरबा स्टेशन में फुट ओवरब्रिज उपलब्ध कराया गया है



मडवारानी स्टेशन में फुट ओवरब्रिज उपलब्ध कराया गया है



मडवारानी स्टेशन में दिव्यांग फ्रेंडली टायलेट उपलब्ध कराया गया है



चिरमिरी स्टेशन में फुट ओवरब्रिज



चिरमिरी स्टेशन में प्लेटफार्म शेल्टर उपलब्ध कराया गया है